अमर उजाला

amarujala.c

बरेली
रविवार, 11 जून 2017

एसआरएमएस ने टीएमयू मुरादाबाद को हराया

अमर उजाला ब्यूरो
बरेली।

एसआरएमएस एकेडमी के ग्राउंड में हुए अंडर 14 ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में एसआरएमएस एकेडमी ने टीएमयू मुरादाबाद को चित कर दिया। 62 रनों का टार्गेट एसआरएमएस की ओर से दिया गया जिसे मुरादाबाद की टीम पूरा नहीं कर सकी और 55 रनों पर सिमट गई। एसआरएमएस ने ट्रॉफी पर कब्जा किया।

एसआरएमएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। मुरादाबाद की टीम भी घातक गेंदबाजी से एसआरएमएस को ऑल आउट करके 62 रनों पर रोक दिया। 29.2 ओवर में पूरी टीम सिमट गई। मनीष यादव ने 23 और अनंत भटनागर ने 10 रन बनाए। टीएमयू की ओर से प्रियांशु, अक्षु, देवांक, रॉबिन ने 2-2 विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुरादाबाद की पूरी टीम मेहनत से रोके गए रनों को भी पार नहीं कर सका। 20.1 ओवर में 55 रन पर ही पूरी टीम को चुक हो गई। टीएमयू के देवांक ने 24 रन बनाया। शुभ ने 4, अनंत ने 3 और शिवम ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच शुभ मिश्रा को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज अनंत भटनागर, बेस्ट बल्लेबाज मनीष यादव, बेस्ट बॉलर एवं फिल्डर प्रियांशु को दिया गया। इमर्जिंग प्लेयर देवांश मूर्ति को दिया गया। इस मौके पर सचिव आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा ने पुरस्कार बांटे। चेयरमैन देवमूर्ति ने बधाई दी।

ट्रॉफी के साथ एसआरएमएस की विजेता टीम।

एससीसी बरेली ने जीता कारगिल शहीद मेमोरियल टूर्नामेंट

बरेली। पिछले कई दिनों से चल रहे कारगिल शहीद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में एससीसी बरेली ने बाजी मार ली। पहले टॉस जीतकर एससीसी ने बल्लेबाजी करते हुए तय 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 139 रनों का लक्ष्य रखा। शिवकुमार ने 34, प्रकाश ने 25 व जीशान ने 20 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जोया क्लब की टीम 19.5 ओवर में मात्र 119 रन बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। आकाश ने 45 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच का खिताब त्रिभुवन को दिया गया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट प्रमोद कुमार, बेस्ट बल्लेबाज सुहैल हुसैन, बेस्ट फिल्डर अभिषेक, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड कमलकांत बेलवाल को दिया गया।